No. of Printed Pages : **2**

ई.एस.-345

05215

शिक्षा में स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

दिसम्बर, 2012

ई.एस.-345 : हिन्दी शिक्षण प्रविधि

समय : 3 घण्टे *अधिकतम भारिता : 70%*

निर्देश : *(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

(ii) सभी प्रश्नों की भारिता समान है।

नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर लगभग **600** शब्दों में दीजिए।

1. हिन्दी साहित्य के विकास को ऐतिहासिक दृष्टि से कितने कालों में बांटा गया है? प्रत्येक काल पर विस्तार से प्रकाश डालिए।

अथवा

कहानी एवं एकांकी शिक्षण के उद्देश्यों में समानता एवं अंतर का उल्लेख करते हुए बताएँ कि आप इन के माध्यम से छात्रों में सृजनात्मक अभिव्यक्ति का विकास कैसे करेंगे?

नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर लगभग **600** शब्दों में दीजिए।

2. मूल्यांकन की अवधारणा बताते हुए ,स्पष्ट कीजिए कि भाषा के मूल्यांकन को उपयोगी कैसे बना सकते है? उदाहरण देकर चर्चा कीजिए।

अथवा

प्रश्न पत्र का महत्व बताते हुए एक आदर्श प्रश्न पत्र की विशेषताओं का उदाहरण देकर विस्तार सहित वर्णन कीजिए।

3. नीचे दिए गए प्रश्नों में से **किन्हीं पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 120 शब्दों में होना चाहिए।

   (a) लिखित रचना में प्राय: किस प्रकार की अशुद्धियाँ होती हैं? इन के मूल कारणों पर संक्षिप्त में प्रकाश डालिए।

   (b) कविता में प्रमुख सौंदर्य तत्व कौन से हैं? संक्षिप्त रूप से प्रकाश डालें।

   (c) जीवनी तथा आत्मकथा में अंतर बताते हुए उन के उद्देश्यों का संक्षिप्त में वर्णन कीजिए।

   (d) सस्वर पठन और मौन पठन के स्वरूप एवं प्रयोजन के मुख्य बिन्दुओं को स्पष्ट करें।

   (e) समुन्नयन कार्य के महत्त्व का उल्लेख कीजिए।

   (f) हिन्दी पाठ्य पुस्तक के स्वरूप तथा उसकी विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

   (g) निबन्ध पाठ -शिक्षण में मौन पठन का क्या महत्त्व है? स्पष्ट कीजिए।

4. नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दीजिए। क्रियात्मक शोध की आवश्यकता तथा इसका महत्त्व बताते हुए अपने अनुभव के आधार पर किसी भी कक्षा की एक गंभिर समस्या को लेकर एक क्रियात्मक शोध की आख्या तैयार कीजिए।